तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, सोमवार 26 अगस्त 2024


12 60 प्रतिशत से कम रिजल्ट वाले स्कूलों को गुणवत्ता बढ़ाने कार्ययोजना ...


10 पिछड़ा वर्ग के सर्वे में बीएलओ पूछेंगे पढ़ाई...



# अब एक बूथ में होंगे डेढ़ हजार वोटर, मतदान केंद्रों का होगा युक्तियुक्तकरण

## नगरीय निकाय चुनाव से पहले तैयारी में जुटा निर्वाचन आयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

नगरीय निकाय चुनाव से पहले भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदान केन्द्रों का युक्तियुक्तकरण किए जाने की तैयारी की जा रही है। जारी किए गए निर्देश के तहत ऐसे मतदान केन्द्र जहां डेढ़ हजार से अधिक मतदाता शामिल हैं, वहां शेष मतदाताओं को पास के मतदान केन्द्र में युक्तियुक्तकरण किया जाएगा। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश के बाद जिला प्रशासन द्वारा सभी बीएलओ को आगामी 19 सितंबर 2024 तक प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश दिए गए हैं। जारी किए गए निर्देश में हवाला दिया गया है कि बढ़ती आबादी के कारण मतदान केन्द्रों में अव्यवस्था की स्थिति निर्मित हो जाती है। देखा गया है कि एक भी परिसर में अधिक मतदान केंद्र होने के कारण कानून व्यवस्था बनाए रखना चुनौती होती है। यही कारण है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा युक्तियुक्तकरण किए जाने को तैयारी कर ली है। युक्तियुक्तकरण किए जाने से मतदाता केन्द्र प्रभावित होने के साथ ही वोटरों के भी मतदान केन्द्र बदल जाएंगे। बहरहाल इस प्रक्रिया के लिए निर्देश जारी किए जाने के बाद बीएलओ द्वारा सर्वे कार्य शुरू कर दिया गया है। निर्देश के अनुसार पूर्व संशोधन गतिविधियों के अंतर्गत निर्धारित न्यूनतम दूरी एवं अधिकतम मतदाता संख्या आदि मापदंडों के अनुरूप मतदान केन्द्रों को स्थापित करने एवं मतदान केन्द्रों के विसंकुलन भीड़ से राहत के लिए युक्तियुक्तकरण किया जाना अत्यंत आवश्यक है।

### परिवार के सदस्य केन्द्र से अलग न हों

अनुभागों का युक्तियुक्तकरण अधिकतम समय सीमा निकटवर्ती केन्द्र में करने के पश्चत ही नए मतदान केन्द्रों का निर्माण किया जाना है। एक ही परिवार के सदस्यों का विभाजन अलग-अलग मतदान केन्द्रों में नहीं होना चाहिए। किसी भी परिस्थिति में परिवार के सदस्यों का अनुभाग एवं मतदान केन्द्र भिन्न-भिन्न ना हो। वहीं, युक्तियुक्तकरण में यह ध्यान रखा जाए कि मतदान केन्द्रों के मतदाताओं को 2 किमी से अधिक दूर न जाना पड़े।



■ आगामी 19 सितंबर तक बीएलओ को पूरी करनी होगी युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया

### नए सिरे से होगा सीमांकन

बढ़ती जनसंख्या एवं बसावट के कारण अनुभागों का नए सिरे से सीमांकन एवं नामकरण करना है। अनुभागों का युक्तियुक्तकरण एवं सीमाओं में परिवर्तन इस प्रकार करने कहा गया है कि मतदान केन्द्र मतदान क्षेत्र के हिसाब से कम्पैक्ट हो जाए। वहीं, मतदाताओं की संख्या 1500 से अधिक होने पर जहां तक सीमा हो उसी परिसर में अनुभागवार मतदाताओं को स्थानांतरित कर समायोजित किया जाना है। लेकिन यदि उसी परिसर में व्यवस्था न हो तो नया केन्द्र बनाया जा सकता है।

### गांव में दो और शहर में चार मतदान केन्द्र

ऐसे केन्द्र जहां अधिक मतदाता हैं, वहां मतदान को पृथक-पृथक में स्थापित करने के प्रयास किए जाएंगे। शहरों में 4 व गांव में 2 से अधिक मतदान केन्द्र एक ही मान में न रहे, ऐसा प्रयास करने निर्देश दिए गए हैं। आयोग द्वारा जारी निर्देशों के तहत बीएलओ को द्वारा घर-घर सर्वे का कार्य 20 अगस्त 2024 से 18 अक्टूबर 2024 तक ऑनलाईन बीमलओ एप के प्रस्ताव तैयार किया जाना है।

## खबर संक्षेप

### सिख समाज के अध्यक्ष चुने गए सरदार गुरुदयाल

**बेमेतरा।** जिला मुख्यालय स्थित सिख समाज का चुनाव आज हुआ। चुनाव में सरदार गुरुदयाल सिंह चावला को सर्वसम्मति से सिक्ख समाज बेमेतरा का अध्यक्ष चुना गए। जानकारी के अनुसार पूर्व अध्यक्ष प्रीतपाल सिंह छाबड़ा का कार्यकाल 2 वर्ष का था। इसके पश्चात रविवार समाज ने सर्वत्र साध संगत की हाजरी में प्रीतपाल सिंह छाबड़ा के प्रस्ताव पर समर्थन देते हुए गुरुदयाल सिंह चावला को निर्विरोध अध्यक्ष चुना। इसके पश्चात गुरुद्वारा के ज्ञानी ने अरदास कर हुकनामा लिया।



### पुलिस जवान ने तालाब में डूबी कार से युवक की बचाई जान

**नवागढ़।** थाना नवागढ़ पुलिस में पदस्थ आरक्षक राहुल दुबे ने साहस का परिचय देते हुए दुर्घटना के कारण तालाब में डूबी कार से युवक को बाहर निकाल कर उनकी जान बचाई है। मिली जानकारी के अनुसार नवागढ़ निवासी पिंटू गुप्ता 20 अगस्त की रात लगभग 10 बजे अपनी कार से घर जा रहे थे। उसी समय कार अनियंत्रित होकर भगनाबंद तालाब में चली गयी और तालाब के गहरे पानी में कार डूबने लगी। इसी दौरान थाना नवागढ़ में पदस्थ आरक्षक क्रमांक 500 राहुल दुबे पेट्रोलिंग ड्यूटी के दौरान सूचना पाकर मौके पर पहुँचे। उन्होंने तत्काल तालाब में छलांग लगा दी। उन्होंने कार से पिंटू गुप्ता को बाहर निकालकर उसकी जान बचाई। इसकी जानकारी मिलने पर नगरवासियों ने श्री दुबे को वीरता के पुरस्कार देने की मांग की है।



### गुजरात में होने वाली वर्कशॉप में शामिल होंगे व्याख्याता साहू

**देवकर।** राष्ट्रीय अविष्कार अभियान अंतर्गत उच्च शिक्षण संस्थाओं के साथ मिलकर गणित, विज्ञान एवं टेक्नोलॉजी में शिक्षकों के क्रिएटिव लर्निंग के लिए सेकेण्ड्री स्तर के छत्तीसगढ़ के शिक्षकों का गूगल फार्म के माध्यम से नाम मंगाया गया। जिसमें से गुजरात के आईआईटी गांधीनगर में आगामी 29 अगस्त से 31 अगस्त तक तीन दिवसीय कार्यशाला में शामिल होने के लिए विज्ञान एवं गणित विषय के शिक्षकों का टेस्ट आयोजित कर 50 शिक्षकों को क्रिएटिव लर्निंग वर्कशॉप हेतु चयन हो गया है। इसमें बेमेतरा ज़िला से एकलौते शिक्षक के रूप में नगर देवकर के शासकीय बालक उच्च माध्यमिक विद्यालय के गणित व्याख्याता एमके साहू का चयन हुआ है। जिलेभर से एकमात्र एमके साहू शिक्षक का अकेले इस विशेष आयोजन में चयन होने पर परिजनों के साथ देवकर स्कूल के प्राचार्य सहित स्टॉफ, शिक्षक परिवार एवं नगरवासियों ने व्याख्याता एमके साहू को शिक्षकों का गौरव बताकर उन्हें ढेर सारी बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।



## बैठक : लखपति दीदी योजना पर को लेकर कलेक्टर ने ली बैठक

# महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाएगी लखपति दीदी योजना : शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

ज़िले में महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से रविवार को ज़िला पंचायत सभा कक्ष में लखपति दीदी योजना के तहत एक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर रणबीर शर्मा ने की। इस दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी ज़िला पंचायत टेकचन्द्र अग्रवाल, अपर कलेक्टर डॉ. अनिल बाजपेयी, ज़िले के सभी सीईओ जनपद, डीईओ, एडीईओ, करारोपण अधिकारी, महिला बाल विकास विभाग से सीडीपीओ, पर्यवेक्षक, और नेशनल अर्बन लाइवलीहुड्स मिशन टीम के सदस्य और अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। बैठक का प्रमुख उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उन्हें लखपति दीदी के रूप में स्थापित करने के लिए विभिन्न उत्पादों और सेवाओं की जानकारी प्रदान करना था।

■ दीदियों ने कलेक्टर को मशीन से रूई की बाती बना कर दिखाई

बैठक के दौरान महिलाओं को आर्थिक सशक्तिकरण के लिए विभिन्न योजनाओं और गतिविधियों की ▶▶| शेष पेज 11 पर



### ग्राम बालसमुंद में किया गया लखपति दीदियों का सम्मान



**बेमेतरा।** ग्राम बालसमुंद में रविवार को बिहान योजना अंतर्गत लखपति दीदियों का सम्मान किया गया और उन्हें प्रमाण पत्र सौंपा गया। लखपति दीदी स्वयं सहायता समूहों की उन महिलाओं को कहा जाता है जो सालाना एक लाख रुपये कमा रही हैं। लखपति दीदी सम्मेलन के दौरान मुख्यअतिथि जनपद उपाध्यक्ष हवेंद्र वैष्णव ने कहा कि लखपति दीदी बनाने का ये अभियान, सिर्फ बहनों-बेटियों की कमाई बढ़ाने का ही अभियान नहीं है। ये पूरे परिवार को, आने वाली पीढ़ियों को सशक्त कर रही हैं। ये गांव के पूरे अर्थतंत्र को बदल रही हैं। इस बीच लखपति दीदी सम्मेलन को लेकर महिलाओं में खासा उत्साह देखने को मिला। महिलाएं अपनी खुशी जाहिर करते हुए कह रही हैं कि, हमें लखपति दीदी होने पर गर्व हैं। देश के प्रधानमंत्री मोदी, महिलाओं के लिए काफी कुछ कदम उठा रहे हैं। तो कुछ अन्य कह रही हैं, पीएम मोदी का सपना था कि हर महिला लखपति होनी चाहिए और हमारे समूह में अधिकतर महिलाएं लखपति दीदी बन गई हैं।

### क्षेत्रीय उत्पादों की पहचान व विपणन के तरीकों की दी जाएगी जानकारी

कलेक्टर ने बैठक में बताया कि लखपति दीदी बनने के लिए महिलाओं को उनके क्षेत्रीय उत्पादों की पहचान और उनके विपणन के तरीकों की जानकारी दी जाएगी। इसके अलावा, उन्हें विभिन्न सरकारी योजनाओं और वित्तीय सहायता के बारे में भी बताया जाएगा, जिससे वे अपने व्यवसाय को और अधिक बढ़ा सकें। कलेक्टर ने महिलाओं को आर्थिक रूप से सक्षम बनाने के लिए इस योजना के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि इस योजना के माध्यम से महिलाओं को स्वावलंबी बनाने का अवसर मिलेगा और वे आत्मनिर्भरता की दिशा में कदम बढ़ा सकेंगी। उन्होंने सभी अधिकारियों से योजना को प्रभावी रूप से लागू करने और महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए ठोस कदम उठाने का आह्वान किया।

### विभागीय अधिकारियों ने दिया सहयोग का आश्वासन

बैठक में उपस्थित अधिकारियों और सदस्यों ने महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए अपने-अपने विभागों से हर संभव सहायता और सहयोग देने का आश्वासन दिया। यह बैठक न केवल महिलाओं के लिए नई संभावनाओं के द्वार खोलने वाली रही, बल्कि जिला प्रशासन के इस कदम से महिलाओं में आत्मविश्वास और प्रेरणा का संचार भी हुआ है। इस तरह की योजनाएं महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने और समाज में सम्मानजनक स्थान प्राप्त करने में सहायता प्रदान करती हैं, जिससे समग्र रूप से समाज का विकास संभव हो सके।

# सम्बलपुर कृषि उपज उपमंडी परिसर में सुरक्षा का अभाव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मारो/सम्बलपुर

कृषि उपज मंडी बेमेतरा अंतर्गत सम्बलपुर उप मंडी के परिसर एवं प्रांगण का हाल-बेहाल है। उपमंडी परिसर में न तो पर्याप्त सुरक्षा घेरा का व्यवस्था है और न ही स्वच्छताभरा माहौल। कृषि उपज मंडी प्रशासन की उदासीनता के चलते उपमंडी प्रांगण में गेट खुला होने से दिनभर मवेशियों का आगमन बना रहता है। परिसर के अंदर झाड़ी व खरपतवार की भरमार होने से परिसर में स्वच्छता का अभाव है। कृषि उपज मंडी के सचिव से लेकर निरीक्षक तक परिसर में कहीं भी स्वच्छता एवं सुरक्षा को लेकर कोई प्रयास नहीं किया जा रहा है। उपमंडी के मुख्य द्वार पर बस मंडी समिति बेमेतरा का बोर्ड है। अव्यवस्था व सुरक्षा नहीं होने के कारण उपमंडी कार्यालय आने वाले क्रेताओं-विक्रेताओं एवं स्थानीय व्यापारियों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। व्यापारियों ने सुधार की मांग की है।

■ अस्वच्छता एवं असुरक्षा के बीच लग रहा कार्यालय

### डुमरटोला में रिकॉर्डिंग डांस प्रतियोगिता आज

**डौण्डीलोहारा।** ब्लॉक के वनांचल ग्राम डुमरटोला (मंगचुवा) में श्री कृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में जय श्री कृष्णा युवा आयोजन समिति डुमरटोला द्वारा सोमवार 26 अगस्त को रिकॉर्डिंग डांस प्रतियोगिता रखा गया है। प्रतियोगिता में सामूहिक नृत्य का प्रवेश शुल्क 201 रूपए रखा गया है। इसके साथ बताया गया है कि प्रथम पुरस्कार 5001 रूपए एवं द्वितीय पुरस्कार 4001 तथा तृतीय पुरस्कार 3001 रूपए रखा गया है। इसी तरह युगल नृत्य का प्रवेश शुल्क 151 रूपए, प्रथम 3001, द्वितीय पुरस्कार 2501 व तृतीय पुरस्कार 2001 रुपये पुरस्कार दिया जाएगा।

# मगरघटा स्कूल में फलदार और छायादार पौधों का किया रोपण

## एक पेड़ मां के नाम थीम पर किया पौधारोपण




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

शासकीय प्राथमिक शाला मगरघटा विकासखण्ड नवागढ़ में 78 वें स्वतंत्रता दिवस पर विद्यालय प्रांगण में पौधारोपण किया गया। जिसमें सरपंच लता जगदीश साहू व पंचायत प्रतिनिधियों की उपस्थिति रही। शाला प्रबंधन समिति के सदस्य पदाधिकारी प्रधान पाठक ओंकार प्रसाद ध्रुव, शिक्षक राधेश्याम सिंह बैस, नवाचारी शिक्षिका शीतल बैस व समस्त स्टॉफ की विशेष सहभागिता रही है। एक पेड़ मां के नाम के अंतर्गत स्वतंत्रता दिवस पर पौधारोपण किया गया। जिसमें कटहल, गुलमोहर, आंवला आदि साथ ही फूल वाले पौधे भी रोपित किया गया। गमलों में भी छोटे-छोटे पौधा लगाया गया। एक पेड़ मां के नाम पर लगाये जाने वाले पौधे तभी सार्थक होगा जब हम उनकी उचित देख रेख बच्चों की तरह पालन पोषण करें। प्रकृति हमारी माता है। हरियाली भरी प्रकृति को देखकर हमें शुकुन मिलता है।

आमंत्रित अतिथियों द्वारा यह विचार दिया गया। पेड़ से हमें कई तरीके से लाभ पंहुचाता है। इनसे हम ताजी हवाएं ऑक्सीजन के रूप में लेते है। वर्षा गरमी व शीत ऋतुओं में सामंजस्य बनाये रखते है। जंगली जानवरों का संरक्षण होता है जिससे ये गाँव गलियों की ओर नहीं भटकते हैं। जीव जंतुओ के लिये भी पेड़ पौधा अतिआवश्यक है। उक्त अभिव्यक्ति शिक्षकों एवं पालकों के द्वारा दिया गया। कार्यक्रम में अधिकाधिक संख्या में पालक उपस्थित थे।

## जेवरी स्कूल में धूमधाम से मनाई गई जन्माष्टमी ...



**बेमेतरा।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला जेवरी में जन्माष्टमी का पर्व बहुत धूमधाम से मनाया गया। इस कार्यक्रम को लेकर बच्चे काफ़ी उत्साहित रहे। हांडी फोड़, घड़ा सजाओ, डांडिया सहित सभी गतिविधियों में बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। संस्था प्रमुख प्रधान पाठक आरके तिवारी ने बच्चों को जन्माष्टमी का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि भगवान विष्णु ने अधर्म का नाश करने और धर्म की पुन: स्थापना के लिए श्री कृष्ण के रूप में अवतार लिया। इस अवसर पर शिक्षक रुकेश साहू, शिक्षिका इन्द्राणी साहू उपस्थित थे।

## शहर सहित देवकर व नांदघाट में बड़ी मात्रा में तैयार की जा रही छड़ी

# राजनीतिक दलों के साथ बंसोड़ समाज भी चुनाव की तैयारी में जुटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

राजनीतिक दल जहां स्थानीय चुनाव की तैयारी संगठन के माध्यम से तो कर रहे हैं, तो वहीं शहर व नगर देवकर सहित नांदघाट में निवासरत बंसोड़ कण्डरा समाज भी आगामी नगरीय एवं ग्रामीण स्तर के चुनावी पर्व के तैयारियां में जुट गया है।

■ विभिन्न पार्टियों के झंडों के लिए बनाई जा रही छड़ी

इन दिनों राजनीतिक पार्टियों के पारम्परिक झण्डों के लिए बड़ी मात्रा में बांस की छड़ी तैयार की जा रही है। बताया यह भी जा रहा है कि ज़िले के देवकर निवासरत कण्डरा समाज के लोग अब दीगर प्रदेशों के लिए भी राजनीतिक झण्डे के लिए छड़ी बनाकर समूहों में भेज रहे हैं। इन दिनों वाहनों के माध्यम से काफी मात्रा में इन छड़ी लोडकर ले जाया जा रहा है। देखा जाए तो देवकर के बांस शिल्पकारों की कलाकृतियों की डिमांड अब प्रदेश से बाहर होने लगी है। इनमें बांस से बनी विभिन्न कलाकृतियों एवं स्वरूपों में दैनिक उपयोगी सामान, फर्नीचर, रिहाइशी घरों के शो-पीस आयटम को लेकर बनाकर दूर-दूर बेचा जा रहा है। इससे ज़िले के बांस शिल्पकारों की धमक बढ़ने लगी है।

### रियायती दर पर उपलब्ध कराए जाते हैं बांस

दरअसल जिला मुख्यालय के साथ ज़िले के दोनों अंतिम छोर पर स्थित देवकर व नांदघाट में बड़ी संख्या में बंसोड़ व कन्डरा समाज रहते हैं, जो बांस आधारित दैनिक उपयोगी सामान, कलाकृतियों एवं फर्नीचर सहित अन्य सामानों को बांस की पतली लकड़ी से बुनकर तैयार करते हैं फिर उन्हें स्थानीय बाजार में बेचकर अपना दैनिक दिनचर्या में गुजर बसर करते हैं। इसके लिए सरकार व प्रशासन द्वारा बकायदा छूट के साथ रियायत दर पर उन्हें वन रेंजर द्वारा बांस डीपो से बांस मुहैया कराई जाती है।



### सुदूर जिलों से की जा रही बांस की सप्लाई

मिली जानकारी के अनुसार दुर्ग वनमण्डल क्षेत्र से सम्बद्ध बेमेतरा फोरेस्ट अनुविभाग दुर्ग के ही साथ वनांचलमुक्त जिला है। वहीं, निकटवर्ती कवर्धा, खैरागढ़, मुंगेली, बलौदाबाजार एवं राजनांदगांव में भी बांस के पेड़ों की कमी है। जिसके कारण वर्तमान में बालोद, मोहला-मानपुर, कांकेर-बस्तर क्षेत्र में बांस वृक्ष की अधिकता होने से वहां से बेमेतरा ज़िला के कण्डरा-बसोड़ समाज के लोगों की आजीविका के लिए बांस की आपूर्ति की जाती है, जो काफी दूरस्थ होने के कारण कभी-कभार बांस की समय पर आवक नहीं होने से सप्लाई चैन प्रभावित होती है। लिहाज़ा यह जिले के बांस शिल्पकारों के लिए एक बड़ी चुनौती एवं समस्या बनी हुई है।

### सदस्यता अभियान के लिए भाजपा की कार्यशाला कल से

**गुरूर।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा सदस्यता अभियान के अंतर्गत 27, 28 व 29 अगस्त को मंडल कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। वहीं, 30 अगस्त को शक्तिकेन्द्र स्तर पर कार्यशाला आयोजित की जाएगी। 2 सितंबर को दिल्ली में राष्ट्रीय सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। 3 सितंबर को प्रदेश सदस्यता अभियान का शुभारंभ होगा। 4 सितंबर को जिला सदस्यता अभियान का शुभारंभ होगा, 5 सितंबर को जिला सदस्यता अभियान का शुभारंभ होगा, 6 से 17 सितंबर तक बूथ सदस्यता अभियान चलेगा व 19 से 25 सितंबर तक सामूहिक सदस्यता अभियान चलेगा।

पाठक सूचना
बेमेतरा जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319154342, 8224868411

## खबर संक्षेप



### शिविर में 60 यूनिट रक्त का हुआ कलेक्शन

**दुर्ग।** जिला चिकित्सालय में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर आईसीआईसीआई फाउंडेशन सेक्टर 6 भिलाई में सम्पन्न हुआ। शिविर में फाउंडेशन के हेड असफाक अहमद, तपन मिस्त्री, नाजिया नसरीन और छात्र छात्राओं का सहयोग रहा। इस मौके पर 63 यूनिट रक्त प्राप्त हुआ। इस रक्तदान शिविर में दुर्ग सीएमएचओ डॉ मनोज दानीए दुर्ग सीएस डॉ हेमंत साहू, डॉ प्रवीण अग्रवाल, डॉ तुषार चंद्रा सहित जीवन दीप समिति के सदस्य दिलीप ठाकुर की उल्लेखनीय भूमिका रही।

### विधायक निधि से शेड बनाने की मांग



**दुर्ग।** विधायक से मिलकर तहसील कार्यालय में टिन शेड को हटाकर छत निर्माण, चैनल गेट भवन निर्माण के लिए आवेदन दिया गया। संतोष कोसरे स्टांप विक्रेता, शकील खान अधिवक्ता, रमन लाल देवांगन, योगेश्वर देशमुख, शेषनारायण वैष्णव, संदीप राजपूत, मुकेश सिंह राजपूत सहित विधायक निधि से टिन सेट की जगह पक्का निर्माण के लिए भवन निर्माण के लिए 10 लाख रुपए देने की मांग पत्र विधायक गजेंद्र यादव को सौंपा गया।

### 26 को बंद रहेंगी मांस बिक्री की दुकानें

**दुर्ग।** शासन के आदेश के परिपालन में आयुक्त लोकेश चन्द्राकर के निर्देश पर नगर पालिक निगम दुर्ग क्षेत्रांतर्गत संचालित समस्त वधशालाओं एवं मांस विक्रय की दुकानों को 26 अगस्त को पूर्ण रूप से बंद रखा जाएगा। इन तिथियों में किसी प्रकार का पशुवध नहीं होगा और न ही मांस का विक्रय होगा। निगम द्वारा 26 अगस्त को कृष्ण जन्माष्टमी के विशिष्ट अवसर पर पशु वधगृहों व मांस विक्रय की दुकानों को पूर्ण रूप से बंद रखने तथा किसी भी प्रकार का पशुवध न करने और न ही मांस का विक्रय करेंगे। जिसके लिए निर्देश समस्त पशु वधगृह संचालकों व संबंधित दुकानदारों को कहा गया है। उक्त तिथियों में यदि किसी भी दुकान में मांस का विक्रय किया जाता है तो मांस जप्त कर संबंधित के विरूद्ध यथोचित कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

### ऑपरेटरों को दिया आधार से जुड़े वित्तीय लेनदेन का प्रशिक्षण

**रायपुर।** हैदराबाद से आई यूआईडीएआई की टीम ने आधार ऑपरेटरों को आधार से जुड़े वित्तीय लेनदेन के संबंध में प्रशिक्षण दिया। इसके लिए शुक्रवार को कलेक्टोरेट परिसर स्थित रेडक्रास सोसायटी हॉल में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला रखी गई थी। इस कार्यक्रम में यूआईडीएआई क्षेत्रीय कार्यालय के सहायक प्रबंधक सनी सिंह एवं सौरभ रामटेके के द्वारा आधार ऑपरेटरों को आधार से जुड़े वित्तीय लेनदेन के संबंध में बारिकी से प्रशिक्षण दिया गया।

# पिछड़ा वर्ग के सर्वे में बीएलओ पूछेंगे पढ़ाई, रोजगार और कमाई के साधन

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

अलग खबर

छग पिछडा वर्ग कल्याण आयोग के निर्देश पर कराए जा रहे सर्वे में लोगों के दरवाजे बीएलओ पहुंचेगा। उनके द्वारा करीब 53 बिन्दुओं में जानकारी ली जाएगी। बहरहाल जिले में विगत बीस अगस्त से सर्वे कार्य शुरू हो चुका है।

उल्लेखनीय है कि, विगत सोहल अगस्त को उच्चतम न्यायलय के पारित निर्णय के बाद आयोग द्वारा सर्वे कराए जाने के लिए निर्देश जारी कर दिया गया है। जारी निर्देश में सर्वे के दौरान पूछे जाने वाले 53 तरह के बिन्दु भी निर्धारित किए गए है। जिसका प्रारूप बीएलओ को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए है। इस प्रारूप में परिवार के मुखिया से लेकर सदस्यों का विवरण, पढाई, रोजगार के साधन, जाति, राजनीतिक स्थिति, घरेलू विवरण सहित आय का जरिया, राशन कार्ड, पेयजल का स्त्रोत, संपत्ति का विवरण, गाय, बैल, बकरी, भेड, खाना पकाने के साधन, मकान की स्थिति सहित 53 बिन्दुओं में जानकारी मांगी गई है।

## जिले में बीस अगस्त से सर्वे कार्य प्रारंभ, डोर टू डोर होगा सर्वे कार्य

### नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ रायपुर द्वारा प्राप्त मतदाता सूची के पुनरीक्षण का विस्तृत कार्यक्रम 20 अगस्त 2024 से प्रारंभ कर 10 अक्टूबर 2024 तक किया जाना है, जिसके लिए बूथ लेवल अधिकारी डोर-टू-डोर जाकर मतदाता सूची का पुनरीक्षण कार्य संपादित करेंगे। कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने दुर्ग जिले में सर्वेक्षण का कार्य प्राथमिकता के आधार पर नियत समयावधि में संपन्न कराए जाने हेतु नोडल अधिकारी, सहायक नोडल अधिकारी एवं समन्वयक नियुक्त किया है।



### देरी से शुरू कराए गए सर्वे कार्य

जानकारी अनुसार आयोग द्वारा आदेश सोलह अगस्त को जारी कर दिया गया था। जिसमें अति महत्वपूर्ण समय सीमा का उल्लेख है। आदेश में बीस अगस्त से मतदाता पुनरीक्षण के साथ पिछडा वर्ग सर्वे भी कराने के निर्देश दिए है। जानकारी अनुसार प्रशासन द्वारा आदेश आने के बाद देरी से प्रशिक्षण दिया गया। बीएलओ को भी आदेश के दो दिन तक प्रारूप नही मिला था। हांलाकि 23 अगस्त को प्रशासन द्वारा बीस अगस्त से सर्वे शुरू होने की बात कही गई हैं।

## लापरवाही : विभाग ने सड़क बनाई, लेकिन नहीं लगाए स्ट्रीट पोल

# पुलगांव से अंडा तक अंधकार, करोड़ों की सड़क बनाई नहीं लगाई लाइटें


हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

पुलगांव से अंडा तक करीब दस किमी की सडक में अंधेरा पसरा है। यहां सडक चौडीकरण के दौरान पुराने बिजली के खंबों को हटा दिया गया। लेकिन पीडब्ल्यूडी की कार्यप्रणाली ऐसी रही कि, करोडों की सडक बन तो गई। मगर यहां शाम होते ही अंधेरा छा जा रहा है। सडक पर मवेशी और अंधेरे से कभी भी बडी दुर्घटना घट सकता है। पीडब्ल्यूडी के विद्युत यांत्रिकीय विभाग का कहना हैं कि, विधानसभा चुनाव से पहले प्रस्ताव भेजा गया है। लेकिन राज्य शासन से प्रशाक्रिय स्वीकृति नही मिलने का खामियाजा आम जनता को भुगतान पड रहा है।

पुलगांव मिनीमाता चौक से दस किमी अंडा तक सडक चौडीकरण किया गया है। इसके लिए करोडों रूपए खर्च किए गए। सडक निर्माण के दौरान पुराने खंबों को हटा दिया गया। जब से ही सडक में अंधेरा पसरा हुआ है। लोगों को इस बात की उम्मीद थी कि सडक चौडीकरण होने के बाद उन्हें चमचमाती लाइटों की सौगात मिलेगी। लेकिन शायद पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारी सडक के प्रस्ताव के दौरान लाइट का प्रस्ताव बनाना भुल गए थे। हांलाकि विद्युत यांत्रिकीय के अफसरों ने बताया कि, विधानसभा चुनाव के पहले राज्य शासन को प्रस्ताव भेजा गया है। बजट में प्रावधान भी है। लेकिन शायद सत्ता बदलने के बाद विभाग के अधिकारी भी स्वीकृति मिलने के इंतजार में हैं।

### रायपुर में फाइल अटकने से दुर्ग में छाया अंधेरा





### सौ करोड़ सड़क में खर्च, खंबे तक नहीं लगे

जानकारी अनुसार पुलगांव से अंडा तक करीब सौ करोड 34 लाख रूपए खर्च कर चौडीकरण कार्य किया गया है। जानकारों की माने तो सडक और लाइट का कार्य एक साथ होने चाहिए। लेकिन पीडब्ल्यूडी ने सडक पहले बनाई, लेकिन अभी तक लाइट की स्वीकृति नही मिली है। जानकारी अनुसार पुलगांव से अंडा तक स्ट्रीट लाइट व खंडा, केबल लगाने तीन करोडा का प्रस्ताव भेजा है। नतीजतक विभाग के पास इंतजार के शिवा कुछ नही हैं। सडक बनने के बाद एक भी खंडे नही होने से लोगों में यह चर्चा है कि, बिजली लगेगी या नहीं।

### शहर में होने वाले करोड़ों के कार्य अटके

विद्युत यांत्रिकी विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार पुलगांव और अंडा के आलावा दुर्ग शहर में अग्रसेन चौक से सिकोला ओव्हरब्रिज तक लाइट लगनी हैं। इसके आलावा पाटन रोड में उतई तक लाइटे लगाने का प्रस्ताव शासन के पास पेडिंग है। यहां मैत्रीबाग तक लाइट लगी है। लेकिन ब्रिज के आगे लाइट लगने का काम बाकी है। इसके आलावा अंडा से होकर जाने वाले चंदखुरी मार्ग में भी लाइट लगनी है। इन सभी इलाको के लिए राज्य शासन को विभाग द्वारा प्रस्ताव भेज दिया गया है। लेकिन स्वीकृति नही मिलने से लोगों को अंधेरे का सामना करना पड रहा है।

### रात होते ही सफर करना बड़ी चुनौती

पुलगांव से अंडा तक सडक चौडीकरण के बाद बिजली की सुविधा नही मिलने से लोगों को रात में सफर करना चुनौती से भरा लगता हैं। वर्तमान में यह सडक के बीचो बीच मवेशी भी बैठी रहती है। ऐसे में दोपहिया व चार पहिया वाहन चालक दुर्घटना के शिकार हो रहे है। सडक बनने के बाद पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा रेडीयम आदि संकेतक भी नही लगाए गए है। इधर पुलगांव से दुर्ग अंजोरा बाईपास तक आय दिन स्ट्रीट लाइटे बंद रहती है।

### प्रस्ताव भेजे गए

पुलगांव से अंडा मार्ग के लिए विधानसभा के पहले ही स्ट्रीट लाइट लगाने का प्रस्ताव राज्य शासन को भेजा गया है। स्वीकृति मिलने ही आगे की प्रक्रिया पूरी कर लाइट लगाने का कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

**-संध्या बंजारे,** एसडीओ, विद्युत यांत्रिकी विभाग

# हमर क्लीनिक में लगेगा टाइल्स, किया भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

■ कातुलबोर्ड की जनता ने विधायक से की मुलाकात

कातुलबोर्ड स्थित हमर क्लिनिक में ईलाज के लिए आने वाले मरीजों की सहूलियत को देखते हुए टाइल्स लगाया जाएगा। जिसका शनिवार को विधायक गजेंद्र यादव ने स्थानीय रहवासियो के साथ भूमिपूजन किये। भूमिपूजन पश्चात उन्होंने अस्पताल का निरिक्षण कर दवाईयों की उपलब्धता व ईलाज हेतु संसाधन की जानकारी ली गई। इस दौरान वार्ड के नागरिकों ने मुलभुत समस्याओं से अवगत कराये।

मॉर्निंग विजिट में विधायक कातुलबोर्ड पहुँचे और हमर क्लिनिक परिसर में टाइल्स लगाने भूमिपूजन कर क्लिनिक में व्यवस्थाओ का जायजा लिए। उन्होंने स्वयं बीपी शुगर की जाँच भी कराये। इसी परिसर में संचालित आंगनबाड़ी में भवन के मरम्मत कराने की मांग वार्डवासियों ने की है। जिसके विभागीय अधिकारी को मौका मुआयना करने निर्देश दिए। कातुलबोर्ड वार्ड 60 के स्थानीय रहवासियो ने बाजार क्षेत्र में व्यवस्थित पार्किंग की मांग किये। इस दौरान पास में ही स्थित प्राथमिक स्कूल के शिक्षिकांए भी उपस्थित थी। जिन्होंने स्कूल का निरिक्षण कराकर छात्र एवं छात्राओं के लिए अलग अलग वाशरूम की मांग किये। स्कूल में वाशरूम नहीं होने से छात्राओं को परेशानी हो रही है। स्कूल के कुछ कक्ष का संधारण कराने की मांग भी उन्होंने विधायक श्री यादव से किये। इस दौरान पार्षद जयश्री जोशी, कांशीराम कोसरे, अरुण सिंह, अल्का बाघमार, श्वेता ताम्रकार सहित वार्ड के नागरिक उपस्थित रहे।

### अरविंद बने बोरी स्कूल के अध्यक्ष



**दुर्ग।** आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल बोरी शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष पद पर अरविंद पटेल को नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति से पर विधायक ईश्वर साहू, पूर्व विधायक लाभचंद बाफना, जिला मंत्री पवन शर्मा, जिला पंचायत सदस्य जितेंद साहू, मण्डल अध्यक्ष कृष्णा पटेल, पूर्व मण्डल अध्यक्ष अजय उमरे, सूरज देशमुख आदि ने बधाई दी है।

# रात में भी मवेशियों को पकड़ने सड़क पर उतरी ननि की टीम

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

■ पशु पालक अपना मवेशी होने से करते हैं इंकार



रात में शहर के मुख्यमार्ग में भी आवारा मवेशियों की धर-पकड़ अभियान शुरू करने हेतु कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी द्वारा आदेश जारी किया गया था। इसे लेकर आयुक्त लोकेश चन्द्राकर के निर्देश पर अतिक्रमण अधिकारी दुर्गेश गुप्ता के नेतृत्व में आवारा मवेशियों को पकड़ने की कार्रवाही की गई।

गुरुवार की रात करीब दो दर्जन से अधिक मवेशियों को शहर के मुख्यमार्गों से अतिक्रमण टीम अमले द्वारा पकड़ने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। उल्लेखनीय है कि इन मवेशियों को शहर में मुख्यमार्ग पुलगांव चौक से नदी ओवरब्रिज तक पकड़ा गया।

सार्वजनिक स्थल बस स्टैंड सहित मुख्य मार्गों में आवारा मवेशियों का जमावड़ा लगे रहने से यातायात व्यवस्था बाधित होने के साथ ही सड़क दुर्घटनाओं की आशंका भी बनी रहती है। सबसे बड़ी समस्या यह थी की आवारा मवेशियों पर वाहनों के हार्न का भी कोई असर नहीं पड़ता था। आवारा मवेशियों की जमावड़ा लगे रहने से शहर की सुंदरता पर भी ग्रहण लग रहा है। इसको ध्यान में रखते हुए निगम अमले द्वारा कार्रवाही किया जा रहा है। मवेशी पकड़ने के दौरान अतिक्रमण अधिकारी दुर्गेश गुप्ता ने कहा कि शहर के सार्वजनिक स्थलों में विचरण करने वाले आवारा मवेशियों के बारे में जब पूछताछ की जाती है तो पशु पालक अपना मवेशी होने से इंकार कर देते हैं।

# पूर्व सीएम बघेल ने पार्षदों व कार्यकर्ताओं से की मुलाकात



**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल विधायक देवेंद्र यादव की गिरफ्तारी के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग के द्वारा आयोजित धरना प्रदर्शन में शामिल हुए तत्पश्चात दुर्ग के महापौर धीरज बाकलीवाल के निवास में भोजन किया एवं कार्यकर्ताओं व पार्षदों से भेंट मुलाकात की। उनके आगमन पर महापौर धीरज बाकलीवाल के माता-पिता ने भूपेश बघेल को तिलक लगाकर शाल श्रीफल भेंटकर उनका स्वागत किया एवं आचार्य श्री विद्यासागर जी की एक स्मृति चिन्ह धीरज बेकलीवाल के द्वारा भेंट की गई। इस दौरान,आरएन वर्मा, राजेंद्र साहू, निर्मल कोसरे, अलताफ अहमद, मुकेश चंद्राकर एवं संदीप वोरा, संदीप निरंकारी, हामिद खोखर, फतेह सिंह भाटिया, मंदीप भाटिया, प्रकाश जोशी, शंकर ठाकुर कांशीराम रात्रे, अनूप वर्मा, निकिता मिलिंद, हेमा साहू, श्रीकांत तिवारी, सुशील भारद्वाज, गौरव उमरे, आयुष शर्मा, सोनू साहू, अमोल जैन, आदित्य नारंग, रमीज रजा, चिराग शर्मा, पृथ्वी चंद्राकर, राकेश सिन्हा, सुशील बंजारे आदि मौजूद थे।

# शहर जिला भाजपा को दो लाख सदस्य बनाने का मिला लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

■ हर बूथ के लिए दो-दो सौ सदस्य बनाने का लक्ष्य

प्रदेश में भाजपा के सदस्यता अभियान के तहत रायपुर को दो लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य मिला है। इसके लिए कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन देने शनिवार को एकात्म परिसर में शहर जिला भाजपा की कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें बताया गया एक सितंबर से सदस्यता अभियान का प्रारंभ होगा। हर बूथ में दो सौ सदस्य बनाने का लक्ष्य तय किया गया है।

बैठक में राजनांदगांव सांसद संतोष पाण्डेय, महासमुंद की सांसद रूपकुमारी चौधरी ने सदस्यता अभियान के संदर्भ में विस्तृत मार्गदर्शन दिया। सांसद संतोष पांडेय ने कहा, सदस्यता अभियान किसी भी राजनीतिक दल की मजबूती के मापदंड का आधार है। भारतीय जनता पार्टी विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक दल है और इसके कार्यकर्ता मिलकर एक मजबूत सरकार का निर्माण करने में अपना अहम योगदान देते हैं। सभी बूथों पर सांसदों, विधायकों, जिपं अध्यक्षों, महापौरों को भी लक्ष्य दिए जाएंगे और सभी बूथ स्तर तक जाएंगे। प्रत्येक लोकसभा क्षेत्र में 100 विशिष्ट जनों को सदस्य बनाना है। अटल जी के जन्म शताब्दी वर्ष के निमित्त 20 सदस्य बनाना है। इसके बाद सक्रिय सदस्यता के लिए काम होगा। सक्रिय सदस्य के संबंध में प्रदेश और जिला अध्यक्ष निर्णय लेंगे। सदस्यता अभियान की रायपुर प्रभारी महासमुंद सांसद रूपकुमारी चौधरी ने कहा, आप सभी से हम सदस्यता अभियान में सदस्य जोड़ने में भी नया कीर्तिमान स्थापित करने की आशा करते हैं। इस बार के सदस्यता अभियान में एकदम सटीक डाटा मिले, इसके लिए मुख्य पदाधिकारियों को बूथ स्तर तक प्रवास करके सदस्यता अभियान को पूर्ण करना है। जिला भाजपा अध्यक्ष जयंती पटेल ने कहा, राजधानी होने के नाते सदैव हमारे कंधों पर बड़ी जिम्मेदारी होती है और आप सभी के अथक परिश्रम से उस जिम्मेदारी को सफलता से पूर्ण भी किया गया है। अबकी बार हमें सदस्यता अभियान में 2 लाख से अधिक सदस्य बनाए जाने का लक्ष्य प्राप्त है जिसके लिए आप सभी को अपना पूर्ण योगदान देना आवश्यक है। 1 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दिल्ली से सदस्यता ग्रहण कर अभियान शुरु करेंगे। अगले दिन 2 सितंबर को प्रदेश और 3 सितंबर को जिला मुख्यालयों में और फिर मंडल मुख्यालयों तक समारोह पूर्वक सदस्यता अभियान की शुरूआत होगी।

## दिनभर चलता रहा पूजा अर्चना का दौर, पारंपरिक तरीके से निभाई रस्में

# कमरछट पर महिलाओं ने की खुशहाली की कामना

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

■ शहर के विभिन्न स्थानों पर की गई पूजा-अर्चना

कमरछट पर्व पर दुर्ग शहर में जगह-जगह विविध आयोजन किए गए थे। जहां महिलाओं ने व्रत रखकर परिवार की खुशहाली की कामना के साथ दिनभर पूजा अर्चना में लगे रहे। इस व्रत को लेकर महिलाओं में खास उत्साह देखा गया। सदभावना महिला समिति संयोजिका अलका अग्रवाल, मोहन नगर दुर्ग स्थित श्री शीतला दंतेश्वरी बूढ़ा देव मंदिर समिति एवम महिला समिति आमापरा द्वारा मंदिर प्रांगण मे हलशाष्टी पूजा धूमधाम से मनाया गया। सर्वप्रथम पुत्र की लंबी आयु की कामना लिए सभी व्रती महिलाएं सात्विक भाव से हलधर भगवान श्री बलराम के जन्मोत्सव को श्रद्धा पूर्वक मनाने कुमार भुइयां (बिना हल जुताई) से एकत्र पसहर चावल एवं छह प्रकार के पंचमिंझ्चरा भाजी, मिर्च सहित लाई, महुआ, कुश के पौधे, भैंस के दूध, दही,घी को पीतल के बर्तन एवं पत्तल दोना में लेकर पीतल के पात्र में ही जल लेकर शीतला मंदिर प्रांगण मे बनाए गए तालाब एवम्‌ पैठू के प्रतीकात्मक कुंड के चारो तरफ एकत्र होकर विधि विधान से पूजन किए। पुजारी पं. जय मिश्रा द्वारा हलशाष्ठी व्रत का महात्यम बताया। परंपरानुसार विधि विधान से सामूहिक पूजन वैदिक मंत्रोच्चार एव कथा वाचन कर सम्पन्न कराया। अल्का अग्रवाल, मेनका अग्रवाल, सुषमा अग्रवाल, चंद्रिका वाशिंग, लीना धुर्वे, कांति , सरला जायसवाल, राधा मलिक, राधा सोनी, खुशबू ताम्रकार, सहित बड़ी संख्या मे व्रती महिलाए मौजूद थीं।



### बच्चों को बांटे खिलौने व प्रसादी

पुत्रों की लंबी आयु की कामना से उपवास रहकर सभी महिलाओं ने पूजन पश्चात अपने बच्चों के पीठ में छह नए कपड़े की टुकड़ों से बने पोती को जल कुंड के पानी से भिगोकर भगवान बलभद्र के आशीर्वाद स्वरूप कंधे मै पोती थपकी देकर आशीर्वाद दिया। एव बच्चो में प्रसाद एव खिलौना वितरण किया।



दुर्ग। आज शहर में हलषष्ठी धूमधाम से मनाया गया। शहर के कई स्थानों पर माताओं ने सगरी की पूजा की। रेलवे स्टेशन के सामने आमदी मंदिर में हलषष्ठी की पूजा की गई। महिलाओं ने पूजा अर्चना कर अपने संतान की दीघायु व सुखमय जीवन की कामना लेकर व्रत किया।

# एंटी रैगिंग पोस्टर स्पर्धा में सृष्टि जलकारे प्रथम

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग




शासकीय वामन वासुदेव पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग में एंट्री रैगिंग सप्ताह का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत निबंध, पोस्टर, स्लोगन इत्यादि प्रतियोगिताओं द्वारा छात्राओं को जागरूक किया गया।

महाविद्यालयीन स्तर पर आयोजित इस पोस्टर प्रतियोगिता में एमएससी प्राणी शास्त्र की तृतीय सेमेस्टर में अध्यनरत सृष्टि जलकारे ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। एंटी रैगिंग के विषय मे बनाया गया उनकी पोस्टर को निर्णयाको द्वारा सराहा गया। जबकि दूसरे स्थान पर संचिता यादव बीएससी माइक्रोबायोलॉजी एवं तृतीय स्थान पर रेनू बंजारे बीकॉम प्रथम सेमेस्टर रही। सृष्टि जलकारे पूर्व पार्षद एवं पूर्व महापौर परिषद के सदस्यश विजय जलकारे की सुपुत्री है। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ डीसी अग्रवाल कार्यक्रम की संयोजक डॉ मीनाक्षी अग्रवाल एवं सदस्य सुषमा यादव तथा डॉक्टर लता मेश्राम की प्रमुख भूमिका रही।

# शाह ने कहा- नक्सली हथियार छोड़ें, हम उनकी चिंता करेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा, अलग-अलग राज्य सरकारों के बीच जॉइंट टास्क फ़ोर्स बनाया गया है। केंद्र सरकार की एजेंसियां कोआर्डिनेशन को बेहतर कर रही है। फर्जी मुठभेड़ के आरोपों पर उन्होंने कहा, कांग्रेस अपना काम कर रही है। हम अपना काम कर रहे हैं। शांति वार्ता पर अमित शाह ने अपील करते हुए कहा, नक्सली सरेंडर करें, हथियार छोड़े हम उनकी चिंता करेंगे। हिड़मा के गांव जाने के सवाल पर गृहमंत्री अमित शाह ने कहा, राज्य के गृहमंत्री अगर मुझे लेकर जाएंगे तो मैं चला जाऊंगा।

छत्तीसगढ़ में वामपंथी उग्रवाद की समीक्षा बैठक में केंद्रीय गृहमंत्री ने कहा, नक्सलवाद की विचारधारा के बजाय विकास के प्रति विश्वास जगाने का काम किया है। उन्होंने कहा, वामपंथी उग्रवाद देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था के सामने सबसे बड़ी चुनौती है। नक्सलवाद में शामिल युवाओं से हिंसा छोड़ने और देश के विकास के महायज्ञ में शामिल होने का आह्वान किया। उन्होंने कहा, सुरक्षा बल इस समस्या से लड़ने के साथ-साथ वाम उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों में विकास कार्यों पर भी नजर रख रहे हैं। मोदी सरकार के पिछले 10 वर्षों में छत्तीसगढ़ में कनेक्टिविटी, सड़क निर्माण और वित्तीय समायोजन की दिशा में बहुत काम हुआ है। उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ सरकार जल्द ही नई आत्मसमर्पण नीति लाएगी जिससे युवा हथियार छोड़कर प्रभावी तरीके से विकास की मुख्यधारा से जुड़ सकेंगे।

## छत्तीसगढ़ सरकार नई आत्मसमर्पण नीति जल्द लाएगी



### नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में बढ़ीं सुविधाएं

बस्तर में 1500 से ज्यादा मोबाइल टावर लगाकर कनेक्टिविटी देने का काम किया है। सड़कों की कनेक्टिविटी को बेहतर किया गया है। हर तीन किलोमीटर में एक डाकघर खोला गया है। बैंक, एटीएम जैसी सुविधाएं पहली बार अंदूरूनी इलाको में पहुंचा है। कौशल विकास के लिए आईटीआई खोले गए हैं। 164 एकलव्य विद्यालय खोले गए हैं।

### निरक्षर को साक्षर बनाने अभियान

उन्होंने कहा कि 2017 में सीआरपीएफ में 'बस्तरिया बटालियन' का गठन किया गया था जिसमें सभी जवान बस्तर क्षेत्र से थे। उन्होंने कहा कि केंद्रीय कैबिनेट से मंजूरी लेकर 2022 में विशेष अभियान के तहत दंतेवाड़ा, सुकमा और बीजापुर के 400 आदिवासी जवानों को इस बटालियन में भर्ती किया गया। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार ने सभी सरकारी योजनाओं को शत-प्रतिशत पूरा करने के लिए मार्च 2025 तक का लक्ष्य रखा है। गृह मंत्रालय और छत्तीसगढ़ सरकार संयुक्त रूप से उन लोगों को शिक्षित करने के लिए एक अभियान चलाएगी जो अशिक्षित रह गए हैं।

## खबर संक्षेप




### छह स्थानीय भाषाओं में 'नए भारत का नया कानून' पुस्तक का विमोचन

**रायपुर।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने शनिवार को नया रायपुर स्थित होटल मेफेयर में 'नए भारत का नया कानून' पुस्तक का विमोचन किया। यह पुस्तक '2023 के नए आपराधिक कानून' का छत्तीसगढ़ की छह प्रमुख स्थानीय भाषाओं हल्बी, गोंडी, भतरी, कुडुख, छत्तीसगढ़ी और हिंदी में रूपांतरित संस्करण है। विमोचन के दौरान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय और उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा उपस्थित थे।

### चालीहा महोत्सव के समापन में आएंगे संत साईं शेहरावाले

**रायपुर।** सिंधी समाज में पिछले 40 दिनों से व्रत, उपवास व आराधना कर चालीहा महोत्सव मनाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत सिंधी समाजजन, जो भगवान झूलेलाल की पूजा-अर्चना करते हैं, वे 40 दिनों तक उपवास रखकर घर में जोत जलाकर भगवान झूलेलाल की आराधना कर रहे हैं, जिसके समापन के अवसर पर 27 अगस्त को अहमदाबाद के संत साईं शेहरावाले जो कि भगवान झूलेलाल के अवतार माने जाते हैं, उनका रायपुर आगमन हो रहा है, उनके आगमन पर समाज द्वारा भव्य स्वागत किया जाएगा।

## पेज 9 का शेष

### महिलाओं को आर्थिक ...

जानकारी दी गई। विशेष रूप से, महिलाओं को पूजन सामग्री के निर्माण और रूई की मशीन से फूल बाती बनाने की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया गया। दीदियों ने कलेक्टर को मशीन से रूई की पूजा की फूल बाती बना कर दिखाई। कलेक्टर ने प्रशंसा करते हुए कहा कि यह प्रक्रिया न केवल महिलाओं को नए कौशल सिखाने में सहायक होगी, बल्कि उन्हें आर्थिक रूप से भी सशक्त बनाएगी। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू भी उपस्थित थे। कलेक्टर शर्मा ने कहा कि लखपति दीदी योजना का उद्देश्य महिलाओं को आर्थिक रूप से स्वतंत्र बनाना है, ताकि वे अपने और अपने परिवार के लिए बेहतर जीवन स्तर सुनिश्चित कर सकें। उन्होंने कहा कि इस योजना के माध्यम से महिलाओं को उनके स्थानीय संसाधनों का उपयोग कर उद्यमिता की दिशा में प्रेरित किया जा रहा है।

## निधन

### रूपचंद बंजारे



**बेमेतरा/नवागढ़।** संबलपुर निवासी रूपचंद बंजारे का रविवार 25 अगस्त को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम संबलपुर में किया गया। उनके निधन पर अंचल के सामाजिक व राजनीतिक क्षेत्र के लोगों ने अपनी श्रद्धांजलि दी।

## केंद्रीय मंत्री शाह ने वामपंथी उग्रवाद की समीक्षा और अंतरर्ज्यीय समन्वय बैठक ली

# नक्सलियों से आर-पार की लड़ाई की बनी रणनीति 7 राज्यों के साथ मिलकर होगा नक्सलवाद का सफाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शनिवार को छत्तीसगढ़ के रायपुर में छत्तीसगढ़ एवं पड़ोसी सात राज्यों के मुख्य सचिवों और पुलिस महानिदेशकों के साथ नक्सलवाद की समीक्षा और अंतर्राज्यीय समन्वय बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में वामपंथी उग्रवाद से निपटने की रणनीति बनी अंतर्राज्यीय समन्वय के साथ इसका सफाया किया जाएगा। साथ ही सुरक्षा बलों के क्षमता निर्माण, वामपंथी उग्रवाद मामलों की शीघ्र जांच और अभियोजन तथा नक्सलवाद प्रभावित क्षेत्रों के व्यापक विकास जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई।

गृह मंत्री ने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में वामपंथी उग्रवाद के खिलाफ अभियान अब निर्णायक मोड़ पर है और मार्च, 2026 से पहले हम नक्सलवाद को देश से पूरी तरह समाप्त करने के प्रति कटिबद्ध हैं। उन्होंने कहा, नक्सलवाद के खिलाफ अभियान की शुरुआत में जो गति और तीव्रता थी, उससे दो गुना गति और तीव्रता से अब हमें 2 साल और काम करने की ज़रूरत है तभी इस समस्या को पूरी तरह समाप्त किया जा सकेगा। उन्होंने कहा, मोदी सरकार ने वामपंथी उग्रवाद के खिलाफ विकास, प्रॉसीक्यूशन और ऑपरेशन के तीनों मोर्चों पर एक संपूर्ण रणनीति के साथ लड़ाई लड़ी है, जिसके परिणामस्वरूप ये समस्या अब काफी हद तक सिमट गई है। बैठक में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय, केन्द्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन, निदेशक, आसूचना ब्यूरो और राष्ट्रीय जांच एजेंसी , सीआरपीएफ, बीएसएफ, एसएसबी और आईटीबीपी के महानिदेशक शामिल हुए। बैठक में आंध्र प्रदेश, झारखंड, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा और तेलंगाना के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक भी शामिल हुए।




### छत्तीसगढ़ के गिने-चुने क्षेत्र में समिति

उन्होंने कहा, अब ये समस्या छत्तीसगढ़ के गिने चुने क्षेत्रों तक सीमित रह गई है। उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा उठाए गए कदमों के कारण पिछले 7 महीनों में राज्य सरकार ने इससे पहले अब तक की इसी अवधि में बहुत बेहतर काम किया है। इन 7 महीनों में सबसे ज़्यादा नक्सली मारे गए हैं, सबसे अधिक नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है और गिरफ्तार किए गए हैं। गृह मंत्री ने छत्तीसगढ़ शासन को बधाई कि नई सरकार बनने के बाद वामपंथी उग्रवाद के खिलाफ अभियान अच्छे ढंग से आगे बढ़ रहा है।

### डीजीपी हर सप्ताह बनाएं कार्ययोजना सीएस पखवाड़े में करेंगे समीक्षा

अमित शाह ने कहा, वामपंथी उग्रवाद के खिलाफ अभियान को और गति देने के लिए सभी पुलिस महानिदेशकों को अपने राज्यों में हर सप्ताह नक्सल ऑपरेशन में लगी टीम के साथ बैठक कर कार्ययोजना बनानी चाहिए। उन्होंने कहा, इसके साथ ही मुख्य सचिवों को हर 15 दिन में एक बार नक्सल अभियान से जुड़े विकास कार्यों की समीक्षा बैठक करनी चाहिए। जब तक नक्सल अभियान की सतत निगरानी नहीं होगी तब तक हम अपेक्षित परिणाम प्राप्त नहीं कर सकेंगे। उन्होंने कहा, ज्वाइंट टास्क फोर्स को हर राज्य में अनुभवी और उपयुक्त बल उपलब्ध हो। ये अभियान एक विशिष्ट प्रकार के स्किल के साथ करने वाला काम है और इसमें उन्हीं अधिकारियों को लगाना चाहिए जो इसके लिए उपयुक्त हैं तथा जिन्हें क्षेत्र की जानकारी हो। उन्होंने कहा, पुलिस महानिदेशकों को स्वयं ज्वाइंट टास्क फोर्स की समीक्षा और उनमें बदलाव करने चाहिए।

### विचारधारा की नहीं, विकास में पिछड़े क्षेत्र

केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा, नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई सिर्फ विचारधारा की लड़ाई नहीं है बल्कि विकास के अभाव के कारण पिछड़ रहे क्षेत्रों की भी है। उन्होंने कहा कि वामपंथी उग्रवाद फैलाने वाले लोग इमोशनल तरीके से ट्राइबल भाइयों-बहनों और पूरे समुदाय को गलत रास्ते पर ले जाने का काम करते हैं।

### आत्मसमर्पण नीति लचीली हो

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा, राज्यों की स्पेशल जांच एजेंसी को एनआईए की तर्ज पर जांच और प्रॉसीक्यूशन के लिए तैयार और प्रशिक्षित करने की ज़रूरत है। उन्होंने कहा, जब तक राज्य, उग्रवादी को सजा नहीं दिलाएंगे, तब तक इस समस्या पर काबू नहीं पाया जा सकेगा। आत्मसमर्पण की नीति लचीली होनी चाहिए लेकिन इसका गलत उपयोग न हो, इसके लिए प्रयास किए जाने चाहिए। उन्होंने कहा, राज्यों को नक्सलवाद से संबंधित अंतर्राज्यीय मामलों की जांच एनआईए को देनी चाहिए।

### हथियारों की सप्लाई और निर्माण पर राज्य दें ध्यान

उन्होंने कहा, वामपंथी उग्रवाद के वित्त पोषण, हथियारों की सप्लाई और उनकी मैन्युफैक्चरिंग पर हर राज्य को बहुत ध्यान से काम करने की ज़रूरत है। वामपंथी उग्रवाद की सप्लाई चेन और इसके वित्तपोषण पर समग्रता से प्रहार करने पर ज़ोर दिया। उन्होंने कहा, मोदी सरकार वामपंथी उग्रवाद के पूरे इकोसिस्टम को खत्म करने के प्रति कटिबद्ध है। उन्होंने कहा कि सभी राज्यों को मिलकर इस अभियान को तुलनात्मक रूप तरीके से आगे बढ़ाना है। उन्होंने कहा, यूएपीए के मामलों में प्रॉसीक्यूशन को बेहतर रूप से तैयार करने के लिए के लिए स्टैंडर्ड आपरेटिंग प्रोसीजर के ज़रिए समन्वय पर ध्यान दिया जाना चाहिए। वामपंथी उग्रवाद मामलों की जांच से जुड़ी और प्रॉसीक्यूशन टीमों की ट्रेनिंग एनआईए से कराए जाने पर बल दिया।

### वामपंथी के समर्थकों से विनम्रता और दृढ़ता से पेश आएं

उन्होंने कहा, हमें वामपंथी उग्रवाद की विचारधारा का समर्थन करने वालों से लड़ने के साथ ही अपनी बात विनम्रता और दृढ़ता के साथ समाज के सभी वर्गों को भी बतानी होगी।

## शाह ने की महाप्रभु वल्लभाचार्य के मुख्य प्राकट्य बैठक स्थल और चम्पेश्वर महादेव की पूजा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह छत्तीसगढ़ के पवित्र धाम चंपारण पहुंचे। यहां उन्होंने महाप्रभु वल्लभाचार्य के मुख्य प्राकट्य बैठक स्थल और चम्पेश्वर महादेव की पूजा अर्चना की और देशवासियों की सुख समृद्धि की कामना की। इस मौके पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, सांसद बृजमोहन अग्रवाल भी उनके साथ थे। चंपारण में महाप्रभु वल्लभाचार्य आश्रम पहुंचने पर केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह का परम्परागत ढंग से स्वागत किया गया। इस मौके पर द्वारिकेश्वर लाल महाराज द्वारा उन्हें महाप्रभु वल्लभाचार्य की प्रतिमा भेंट की गई। वल्लभाचार्य निधि ट्रस्ट की ओर से भी उनका स्वागत किया गया तथा हरीश बाबरिया और मोनल बाबरिया द्वारा उन्हें श्रीनाथ का चित्र भेंट किया। छत्तीसगढ़ में महाप्रभु वल्लभाचार्य के जन्मस्थली चंपारण में देशभर से पुष्टिमार्ग के अनुयायी जुटते हैं। बनारस-दक्षिण प्रवास के दौरान वल्लभाचार्य की माता को प्रसव पीड़ा हुई और चंपारण में चम्पेश्वर महादेव मंदिर के निकट उन्होंने बालक को जन्म दिया।

### चंपारण की कहानी सांस्कृतिक समृद्धि को दर्शाती है

भारत में हमेशा से उत्तर से दक्षिण भारत की ओर तथा दक्षिण भारत से उत्तर की ओर तीर्थ यात्रा की परंपरा रही है और यह तीर्थ यात्रा महानदी के बहुत से तीर्थ स्थलों के निकट से गुजरती है। चंपारण की कहानी अपने आप में भारत की विशिष्ट सांस्कृतिक समृद्धि को दर्शाती है। उसके साथ ही यह महाप्रभु वल्लभाचार्य एवं भक्ति आंदोलन के आचार्यों की सुंदर परंपरा को भी दर्शाती है जिन्होंने सनातन परंपरा के मूल्यों को संजोया और कृष्ण भक्ति की अलख जगाई। चौरासी वैष्णवों की वार्ता तथा वल्लभ दिग्विजय जैसे ग्रंथों में महाप्रभु के बचपन और उनकी सुंदर स्मृतियां दर्ज हैं। चंपारण, त्रिवेणी संगम राजिम के निकट है राजिम में भगवान श्रीराजीव लोचन विराजित हैं।

# गुरु खुशवंत बोले- आरोपी के लिए कांग्रेस का प्रदर्शन शर्मनाक कृत्य

## सतनामी समाज के न्याय की लड़ाई में बाधा बन रही कांग्रेस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारतीय जनता पार्टी के विधायक गुरु खुशवंत साहेब ने कांग्रेस विधायक देवेंद्र यादव की गिरफ्तारी को लेकर कांग्रेस के प्रदर्शन को अराजकता फैलाने के लिए किया जा रहा प्रलाप बताया है।

गुरु खुशवंत साहेब ने कहा, दरअसल बलौदाबाजार के हिंसक घटनाक्रम में निरे एक प्यादे प्रतीत हो रहे देवेन्द्र यादव की गिरफ्तारी को लेकर कांग्रेस के पूरे ईको सिस्टम की बौखलाहट यही है कि उसका सारा षड्यंत्र पर्दाफाश हो जाएगा और इसलिए इस तरह की फ्लॉप सियासी नौटंकियों के जरिए कांग्रेसी प्रदेश की जनता का ध्यान भटकाने की नाकाम



कोशिश कर रहे हैं। गुरु खुशवंत ने कहा, एक ऐसा व्यक्ति, जिसने सफेद झंडे का अपमान किया, जो सतनामी समाज की भावनाओं को आहत करने वालों को प्रेरित करने का आरोपी है, ऐसे आरोपी का साथ देकर कांग्रेस सतनामी समाज के न्याय की लड़ाई में बाधा बन रही है। समाज की भावनाओं को आहत कर रही है और हमेशा से कांग्रेस ने कभी यह नहीं चाहा कि सतनामी समाज को कभी न्याय मिले। ऐसे संवेदनशील विषयों पर आरोपियों का साथ देना कहीं-न-कहीं ऐसे गंभीर मामलों में संलिप्तता दिखती है , कांग्रेस जो कर रही है, उससे लगता है कि देवेंद्र यादव को समर्थन देना उसकी मजबूरी है। शायद सभी लोग इस घिनौने काम में लिप्त हैं। गुरु खुशवंत ने कहा, अगर कांग्रेस संविधान को हाथ में लेकर घूमती है और संविधान को मानती है तो न्यायिक प्रक्रिया का सामना करने से क्यों डरती है। अगर देवेंद्र यादव निर्दोष हैं तो क्यों इतने प्रदर्शन करने की जरूरत पड़ रही है। कांग्रेस की हर एक हरकतें बताती है कि कुछ-न-कुछ गलत हुआ है। सतनामी समाज की भावनाओं को कांग्रेस लगातार आहत कर रही है। आरक्षण समेत अनेक मामले इस बात के गवाह हैं।

# साव ने कहा - कांग्रेस बताए, क्या वो नेशनल कांफ्रेंस के अलग झंडे का भी समर्थन करती है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- गठबंधन से कांग्रेस का आरक्षण विरोधी चेहरा एक बार फिर से सामने आया

प्रदेश के उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा, आज जिस प्रकार से चुनाव की दृष्टि से नेशनल कांफ्रेंस से कांग्रेस पार्टी ने जो गठबंधन किया है तो अब कांग्रेस पार्टी को जवाब देना पड़ेगा कि नेशनल कांफ्रेंस से गठबंधन के बाद क्या कांग्रेस नेशनल कांफ्रेंस के अलग झंडा की मांग का भी समर्थन करती है। कांग्रेस और राहुल गांधी को यह भी बताना पड़ेगा कि नेशनल कांफ्रेंस का 370 और 35 ए को फिर से वापस लाकर जम्मू कश्मीर में फिर अशांति और आतंक के युग में धकेलने के एजेंडे का भी क्या कांग्रेस समर्थन करती है।

श्री साव ने कहा, आज जम्मू कश्मीर की जनता श्री मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के काम और निर्णय से बहुत प्रसन्न है पर कांग्रेस पार्टी को



यह भी बताना पड़ेगा कि नेशनल कांफ्रेंस के इस वादे का भी क्या कांग्रेस समर्थन करती है कि कश्मीर के युवाओं के बजाय पाकिस्तान से वार्ता करके फिर से अलगाववाद को बढ़ावा दे? क्या कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी एलओसी को शुरू करके फिर से बॉर्डर पर आतंकवाद और उनके इकोसिस्टम के समर्थ पोषण का समर्थन करती है? कांग्रेस पार्टी को यह भी बताना पड़ेगा कि आतंकवाद और पत्थर बाजी की घटनाओं में शामिल लोगों को परिजनों को फिर से नौकरी में बहाल कर आतंकवाद और दहशतगर्दी को फिर से कश्मीर में लाना चाहते हैं? श्री साव ने कहा, इस गठबंधन से कांग्रेस पार्टी का आरक्षण विरोधी चेहरा एक बार फिर से सामने आया है। धारा 370 व 35 ए समाप्त होने के बाद दलित, गुर्जर, बकरवाल और पहाड़ियों को जो आरक्षण मिल रहा है, वह भी समाप्त करने की इनकी मानसिकता है। कांग्रेस को इस पर भी अपना रुख स्पष्ट करना पड़ेगा। जम्मू कश्मीर की अर्थव्यवस्था को क्या फिर से पाकिस्तान समर्पित परिवारों के हाथों में सौंप कर जम्मू कश्मीर के आम लोगों के हकों पर डाका डालने का समर्थन करते हैं। कांग्रेस पार्टी को यह भी बताना पड़ेगा कि नेशनल कांफ्रेंस के कश्मीर को ऑटोनॉमी देने के फायदे का भी समर्थन करते हैं जो विभाजनकारी मानसिकता का परिचायक है। कांग्रेस पार्टी जम्मू कश्मीर में नेशनल कांफ्रेंस के साथ गठबंधन करके फिर से जम्मू कश्मीर को उसी आतंकवाद, पत्थर बाजी, दहशतगर्दी के दौर में लाकर जम्मू कश्मीर को फिर बर्बाद करने की जो मानसिकता है उसके साथ जुड़कर काम कर रही है।




# आईएसबीटी भाठागांव में निगम का को-वर्किंग और इनक्यूबेशन सेंटर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- जल्द होगा लांच, नवाचार और उद्यमिता को प्रोत्साहित करने खुलेगा सेंटर

राजधानी में नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देने नगर निगम भाठागांव स्थित बस टर्मिनल परिसर में नए उद्यमियों के लिए आधुनिक सेंटर लांच करने जा रहा है।

जिसमें पहले चरण में 150 प्रतिभागियों को व्यवसायिक गतिविधियों को जानने और समझने का मौका मिलेगा। आधुनिक सुविधा से युक्त इस सेंटर को आगे चलकर 500 सीटों तक विस्तार करने की योजना है। निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने शनिवार को इस सेंटर का दौरा किया। राजधानी के भाठागांव स्थित नए बस स्टेंड परिसर में नगर निगम जल्द ही को-वर्किंग और इनक्यूबेशन सेंटर लांच करेगा। नए उद्यमियों के लिए यह सेंटर एक प्लेटफार्म की तरह काम करेगा। निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने बताया कि केंद्र सरकार की आरडीयूपीएसएस योजना के तहत सेंटर संचालित किया जाएगा।

निगम ने सिस्टम इंटीग्रेटर को शामिल करने टेंडर जारी कर दिया है, जिसकी प्रक्रिया सितंबर के पहले सप्ताह तक पूरी होगी। श्री मिश्रा ने परियोजना प्रभारी को निर्देश दिया कि सेंटर से जुड़े बाकी सभी कार्य सप्ताह भर के भीतर पूरे किये जाएं। नया उद्यम लगाने वाले युवाओं के मार्गदर्शन के लिए इस केंद्र में 3 छोटे और 1 बड़े कॉन्फ्रेंस रूम बनाये गये हैं।

## दूर जिलों में बरसे बादल, शहर में रात को हल्की बारिश

**रायपुर।** निम्नदाब के असर से राज्य के सीमावर्ती जिलों में भारी बारिश हुई, मगर राजधानी में इसका मामूली असर रहा। दोपहर में यहां बादल तो छाए रहे, पर बारिश की स्थिति रात में बनी। आने वाले दिनों में प्रदेश में बारिश की गतिविधि में दो-तीन दिनों तक कमी आने की संभावना बन रही है। मौसम विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञों के अनुसार, निम्नदाब का क्षेत्र आगे बढ़ते हुए पश्चिमी मध्यप्रदेश पहुंचकर अवदाब में बदलने की संभावना है। इसका कोई बड़ा असर प्रदेश के मौसम पर बारिश के रूप में होने की संभावना नहीं है। आने वाले दिनों में यहां मानसून की गतिविधि में कमी आने के आसार बन रहे हैं। पिछले चौबीस घंटे में राज्य के कुछ इलाकों में भारी वर्षा दर्ज की गई है। इनमें जांजगीर-चांपा जिले के अड़भार में 19 सेमी. तक बारिश हुई। इसके अलावा सरगुजा और बिलासपुर संभाग के कई इलाकों में भारी बारिश दर्ज की गई है। राजधानी रायपुर में बारिश का असर नहीं रहा। यहां सुबह मौसम खुला था, मगर दोपहर बाद बादल छाए रहे, जो देर रात को हल्के रूप में बरसे। अगले चौबीस घंटे में राज्य अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है।





विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756 , 9303508130

## खबर संक्षेप



### धानापुरी में माताओं ने श्रद्धा से मनाया हलषष्ठी पर्व

**गुरूर।** ग्राम धानापुरी में माताओं द्वारा छत्तीसगढ़ के पारंपरिक पर्वों में से एक पर्व कमरछठ रविवार को मनाया गया। जहां माताएं अपनी संतान की लंबी उम्र एवं सुख–समृद्धि के लिए हलषष्ठी माता की पूजा–अर्चना की। ग्राम की माताओं ने बताया कि हलषष्ठी पर्व को भगवान श्रीकृष्ण के बड़े भाई बलदाऊ के जन्मोत्सव के रूप में मनाने की परंपरा है।

### भरदा में बिहान समूह का खाद व दवा विक्रय केंद्र शुरू



**गुरूर।** ग्राम भरदा में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के अंतर्गत आंचल महिला संकुल संगठन भरदा द्वारा संवहनीय कृषि कस्टम हायरिंग सेंटर एवं जैविक खाद, दवाई विक्रय केन्द्र का आरंभ प्रगति महिला ग्राम संगठन डढ़ारी द्वारा किया गया है। इसके अंतर्गत किराए पर वाटर पंप, रिपर, पावर स्पेयर संगठन द्वारा उपलब्ध कराया जाएगा। इसमें अध्यक्ष बिन्दू बाई, कृषि मित्र शेषकुमारी साहू, सचिव नेहा साहू हैं।

### गणेशोत्सव 7 से तैयारियां जोरों पर



**अंडा।** अंचल में गणेश उत्सव को लेकर मूर्तिकार गणेश की मूर्तियां बनाने की शुरूआत महीनों पहले से कर चुके हैं। अब इनको अंतिम रूप देने में जुटे हैं। यही, नहीं, पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए भी प्रतिमाओं का निर्माण किया जा रहा है। जिले के मिट्टी कलाकारों को अन्य जिले से भी आर्डर मिल रहे हैं। वहीं गणेशोत्सव समितियों के द्वारा भी आर्डर दिए जा रहे हैं। दुर्ग ग्रामीण में जगह-जगह मूर्तियों का निर्माण किया जा रहा है। 200 रुपए से लेकर 25 हजार रुपए तक की मूर्तियां बनाई जा रही हैं। ग्राम कुथरेल निवासी युवा उमेश साहू मूर्तिकार लगभग 15 वर्षों से अपनी कला का प्रतिभा निखार रहा है साथ ही अपने साथ कई युवाओं को मूर्ति बनाने का काम भी सिखाया जा रहा है। भगवान गणेश की मूर्ति के साथ साथ माँ दुर्गा, विश्कर्मा, कृष्ण, शंकर जी सहित अन्य मूर्तियां बनाई जाती हैं। ग्राम कुथरेल के मूर्तिकार उमेश साहू ने बताया कि वे छोटे आकार की मूर्तियां बनाते हैं। अलग अलग गांव से भी के आर्डर आ रहे हैं। उमेश साहू ने बताया कि इस बार अच्छे आर्डर मिल रहे हैं। आस-पास के गांव से लोग मूर्तियां देखने व खरीदने के लिए पहुंच रहे हैं। मूर्तिकार ने बताया कि मूर्ति बनाने में मिट्टी के साथ पट्टे, बांस, पैरा, रंग का उपयोग होता है। इन सभी के रेट बढ़ गए हैं। जिससे मूर्ति की लागत बढ़ जाती है। मूर्ति के साथ-साथ सजावटी सामग्री और वस्त्रों के रेट में भी वृद्धि हुई है।

### जिला मुख्यालय सहित अंचल में पारंपरिक रूप से मनाया गया हलषष्ठी पर्व

# माताओं ने हलषष्ठी पर रखा उपवास पूजा कर मांगी बच्चों की लंबी आयु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/नारायणपुर

नवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के ग्राम जैतपुरी में शनिवार को हलषष्ठी कमर छठ का पर्व उत्साह के साथ मनाया गया। यादव पारा के देव यादव के घर के पास सगरी का कुंड बनाकर महिलाओं ने एकत्र होकर सामूहिक रूप से विधि विधान से पूजा अर्चना कर अपने संतान और परिवार की सुख समृद्धि और खुशहाली की कामना की।

पंडित चंद्रशेखर तिवारी ने हलषष्ठी पर विधि-विधान से पूजा-अर्चना कराई। इस अवसर पर उन्होंने हलषष्ठी की कथा भी सुनाई। उन्होंने बताया कि भादो महीने के कृष्ण पक्ष की षष्ठी तिथि को भगवान श्री कृष्ण के बड़े भाई श्री बलराम जी के जन्मोत्सव को हलषष्ठी के रूप में मनाया जाता है। इस दिन माताएं अपनी संतान के अच्छे स्वास्थ्य और उनकी लंबी आयु के लिए उपवास रखती हैं। पूजा में चना, जौ, गेहूं, मक्का, लाइ, महुआ सहित विभिन्न पदार्थ चढ़ाए जाते हैं। उपवास रहने वाली महिलाएं छह प्रकार के भोग चढ़ा के छह प्रकार के खिलौने अर्पित करते हैं। 6 प्रकार की कथा कहा जाता है इसे सुनकर सागरी में छह बार पानी डाला जाता है।

पुत्र के कमर पर छह बार कपड़ों से पोता मारते हैं। पूजा के बाद बिना हल लगे अन्न और 6 प्रकार की भाजी की सब्जी तथा भैंस के दूध दही और घी का उपयोग किया जाता है। इस दिन महुआ का दातुन कर पलाश के पत्तल में पसहर चावल का भोजन करने की परंपरा है। इस अवसर पर महिमा यादव, दीपनंदनी यादव, इंद्राणी यादव, घुरुवाबाई यादव, जमुना यादव, सविता यादव, पिंकी यादव, चमेली यादव, सिलोचनीबाई, पूजा यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।



### साजा अंचल में श्रद्धा से मनाया गया हलषष्ठी पर्व



**साजा।** नगर सहित अंचल में हलषष्ठी का पर्व शनिवार को पारंपरिक रूप से श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर महिलाओं ने सगरी बनाकर भगवान शिव-पार्वती की पूजा अर्चना कर संतान की लंबी उम्र की कामना की। बाद में पसहर चावल और 6 प्रकार की भाजियों की सब्जी खाकर व्रत तोड़ा।

### बेरला अंचल में पारंपरिक रूप में मना हलषष्ठी पर्व

**बेरला।** छत्तीसगढ़ के पारंपरिक त्यौहार कमरछठ को लेकर प्रदेश भर की महिलाओं ने अपनी संतान की लंबी आयु एवं स्वस्थ्य तथा सुख समृद्धि की कामना के साथ व्रत रखा। इस दिन नगर, शहर, ग्रामीण अंचल के चौराहों पर महिलाओं के लिए सार्वजनिक स्थानों पर हलषष्ठी पूजा का आयोजन किया गया। इस पूजन के लिए आंगन में दो गड्ढे खोदे गए, जिन्हें सगरी भी कहा जाता है। वहीं, महिलाएं मिट्टी के खिलौने, बैल, शिवलिंग, गौरी-गणेश इत्यादि बनाकर लाई थीं। सगरी के किनारे रख कर पूजा की गई। उसके बाद सगरी में बेल पत्र, भैंस के दूध, दही, घी, फूल, कांशी के फूल, सिंगार का सामान, लाई, महुआ का फूल इत्यादी चढ़ाए गए। कमरछठ पर्व पर सैकड़ों महिलाएं बड़ी संख्या में पूजा स्थल पर पहुंचीं। वहीं महिलाएं एक साथ बैठकर हलषष्ठी मैय्या की कथा सुनी। उसके बाद शिव पार्वती की आरती व हलषष्ठी देवी की आरती के साथ पूजन समाप्त किया। माताएं नए कापड़ी की टुकड़ा व फूल सगरी के जल में डूबाकर घर लेकर आता है। वहीं, अपने बच्चों के कमर पर से छह बार स्पर्श किया गया, जिन्हें पोती मारना कहा जाता है। इस दौरान संध्या काल होने के बाद सभी महिलाओं ने पसहर चावल और 6 प्रकार की भाजी के साथ भैंस के दूध और उससे बनी दहीं तथा घी का सेवन कर व्रत तोड़ा।



## स्वामी आत्मानंद स्कूल ठेलका में जन्माष्टमी पर हुए विविध कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

साजा विकासखण्ड के स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय ठेलका मे बच्चों एवं शिक्षकों ने जन्माष्टमी पर्व धूमधाम से मनाया। कार्यक्रम प्रारंभ आरती पूजन के साथ हुआ। नन्हे मुन्ने बच्चों ने श्रीकृष्ण एवं राधा-रानी की वेशभूषा धारण कर सभी का मन मोह लिया। इस दौरान नृत्य और मटका फोड़ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने बच्चों को भगवान श्री कृष्ण एवं राधी की वेशभूषा में सजने संवरने के लिए सहयोग प्रदान किया। इस दौरान बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इसमें राधा कृष्णा वेशभूषा, दही हांडी, मटका फोड़ प्रतियोगिता, भाषण, निबंध, गीत, डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शिक्षक यशवंत वर्मा, दुर्गेश साहू, सुरेन्द्र गायकवाड़, यशवंत चंद्रवंशी, चन्द्रहास साहू, श्रद्धा देवांगन,कामिनी पवार, जया राउत,शिखा राजभर, सीमा पटेल, प्रगति राजपूत,भूमिका कुंजाम भार्गव साहू, अजय साहू, गगन साहू उपस्थित रहे।

## दर्री स्कूल में मना जन्माष्टमी उत्सव



**बेमेतरार।** थानखम्हरिया तहसील के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला एवं हाई स्कूल दर्री में शनिवार को जन्माष्टमी पूर्व धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर अनेक बच्चे राधा-कृष्ण की वेशभूषा में नजर आए। बच्चों और शिक्षकों द्वारा दही लूट का कार्यक्रम भी रखा गया। बच्चों ने कृष्ण-राधा के साथ एवं बाल ग्वालों के साथ मटकी फोड़ी। वहीं राधा कृष्ण द्वारा मनमोहक नृत्य की भी प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में प्रभारी प्रधान पाठक राजकुमार ध्रुवे, प्रभारी प्राचार्य भवानी सिंह नेताम, गोविन्द सोनकर शिक्षक ,निखिल पाटिल, दुर्गा सेन, श्रेया साहू, ऋतू राजपूत, सरिता यादव एवं समस्त बच्चों ने बाल ग्वाल टोली के साथ सहभागी रहे।

### प्रयास विद्यालय बिलासपुर के लिए लावातरा की छात्रा खुलेश्वरी चयनित



**बेमेतरा।** कार्यालय आयुक्त अनुसूचित जाति एवं जनजाति विकास विभाग छत्तीसगढ़ द्वारा राज्य के विभिन्न स्थानों में स्थित प्रयास आवासीय विद्यालयों के लिए चयन सूची जारी की गई। इसके अनुसार बेरला विकासखंड के लावातरा की छात्रा खुलेश्वरी साहू पिता मैकूराम साहू का चयन नवीन कन्या प्रयास आवासीय विद्यालय बिलासपुर के लिए हुआ है। उल्लेखनीय है कि शासकीय हाईस्कूल लावातरा के व्याख्याता भुवन लाल साहू ने ग्रीष्म अवकाश में पहली बार राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा तथा प्रयास आवासीय विद्यालय प्रवेश परीक्षा की तैयारी कराई गई थी। राष्ट्रीय साधन सह प्राविण्य छात्रवृत्ति परीक्षा में जिले में सर्वाधिक सात विद्यार्थियों का चयन हुआ है तथा प्रयास आवासीय विद्यालय चयन परीक्षा में खुलेश्वरी का चयन हुआ है।

## बांसुरी बनाओ प्रतियोगिता में देवेंद्र व मटकी सजाओ में दुर्गेश्वरी प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ शासकीय प्राथमिक शाला उमरावनगर में जन्माष्टमी पर हुई विविध स्पर्धाएं

शासकीय प्राथमिक शाला उमरावनगर में कृष्ण जन्माष्टमी पर्व के अवसर पर बांसुरी बनाओ और मटकी सजाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बांसुरी बनाओ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान देवेंद्र साहू, द्वितीय स्थान ओमप्रकाश चंदेल और तृतीय स्थान डिगेश यादव ने प्राप्त किया। जबकि मटकी सजाओ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान दुर्गेश्वरी यादव, द्वितीय स्थान प्रिया यादव और तृतीय स्थान लक्ष्मी साहू ने प्राप्त किया। प्रधान पाठक अनिता साहू ने बताया कि यह आयोजन विद्यार्थियों के लिए एक अविस्मरणीय अनुभव था, जिसमें उन्होंने अपने आस्था के साथ-साथ रचनात्मकता और प्रतिभा का प्रदर्शन किया। ऐसी गतिविधियों से विद्यार्थियों को अपनी संस्कृति परम्पराओं के बारे में जानकारी मिलती है। कार्यक्रम में प्रधान पाठक अनिता साहू, सहायक शिक्षक अंजलि शर्मा, हेमंत साहू और संजय बंजारे उपस्थित थे। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया और उनकी प्रतिभा की सराहना की।

## जन्माष्टमी आज होंगे विविध कार्यक्रम



**दल्लीराजहरा।** धार्मिक नगरी दल्लीराजहरा में जन्माष्टमी पर्व को लेकर खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। मुख्य चौराहों और बीएसपी स्कूल नंबर 6 के समीप मैदान में जन्माष्टमी पर्व को लेकर पूर्ण तैयारियां अंतिम चरण पर है। विभिन्न मंदिरों को सजाया जा रहा है, और लोग भव्य झाँकियों की व्यवस्था कर रहे हैं। घरों में विशेष पकवान बनाए जा रहे हैं, जैसे माखन-मिश्री, पंचामृत, और विभिन्न प्रकार के प्रसाद कृष्ण भक्त उपवास और रात्रि जागरण की तैयारी कर रहे हैं। मंदिरों में विशेष पूजन और भजन-कीर्तन का आयोजन भी किया जा रहा है। दही-हांडी का आयोजन भी कई स्थानों पर किया जाएगा।

## शारीरिक और मानसिक मजबूती से हमारे भीतर आता है आत्म विश्वास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

■ सरस्वती शिशु मंदिर कचांदुर में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक कुंवरसिंह



विधायक कुंवर सिंह निषाद रविवार को ग्राम कचांदुर में सरस्वती शिशु मंदिर पूर्व माध्यमिक विद्यालय कचांदुर द्वारा आयोजित जिला स्तरीय खेलकूद बौद्धिक एवं प्रश्न मंच प्रतियोगिता के समापन समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने विजेता बच्चों को पुरस्कार वितरित किए।

विधायक निषाद ने कहा कि खेलकूद प्रतियोगिताओं में जाकर बच्चा किसी प्रशिक्षक को अपना गुरू स्वीकार करता है, जो उसके अंदर अनुशासन और शिष्टाचार की भावना को भरते हैं। शारीरिक और मानसिक मजबूती से उसके भीतर आत्म विश्वास आता है। वह देश और समाज का एक जिम्मेदार नागरिक बनता है हमे उनसे जूझने के लिए शारीरिक और मानसिक तौर पर संस्कारी युवाओं की जरूरत होती है।

विधायक ने आगे कहा कि इस प्रकार के आयोजन से गांवों में छिपी प्रतिभाओं को आगे आने का मौका मिलता है। खेल से न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक विकास भी होता है। खेल जीवन का अभिन्न अंग है, खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए। उन्होंने बच्चों को एक लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढने, खेलों के साथ शिक्षा में भी रुचि लेकर क्षेत्र का नाम रोशन करने का आह्वान किया है।

इस अवसर पर सोना देवी देशलहरा, अध्यक्ष जिला पंचायत तारिणी चंद्राकर, सदस्य जनपद पंचायत संतोष चंद्राकर, खिलेंद्र साहू, तरुण पारकर, सागर साहू, रिजवान तिगाला, पूनम साहू, अभिषेक यादव, केशव साहू, हेमंत साहू, विष्णु साहू, जयपाल साहू, शेखर साहू सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।

## आदिवासी समाज ने आरक्षण में वर्गीकरण का किया विरोध

### मोहला में गोण्डवाना महासभा मोहला की संभागीय बैठक में विभिन्न विषयों पर की गई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



मोहला–मानपुर–अंबागढ़ चौकी जिले के गोण्डवाना भवन मोहला में गोण्डवाना महासभा मोहला की संभागीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में गोण्डवाना महासभा मोहला के बायलॉज निर्माण करने तथा अन्य महत्वपूर्ण विषयों के संबंध में चर्चा की गई। बैठक में जिले से बड़ी संख्या सदस्य व पदाधिकारी भी सम्मिलित हुए।

बैठक में गोण्ड समाज के संभागीय अध्यक्ष नरेन्द्र नेताम, संरक्षक हीरेसिंह घावड़े एवं मोहन हिड़को सहित पूर्व संभागीय अध्यक्ष सुरेश दुग्गा, संभागीय कोषाध्यक्ष तुलसी राम मरकाम, अधिकारी–कर्मचारी प्रकोष्ठ के संभागीय अध्यक्ष चंद्रेश ठाकुर, संभागीय सचिव कुमार कोरेटी, कार्यकारिणी सदस्य एवं सर्व आदिवासी समाज जिला बालोद के अध्यक्ष तुकाराम कोर्राम के अलावा ब्लॉक अध्यक्ष सर्व गोविंद टेकाम, मानसाय बोगा, दिनेश कोरेटी, बाबूराव हिड़को, छबिलाल वट्टी, आत्माराम कवड़ो के अलावा मोहन सिंह हिड़को, पदुम सिंह तोप्पा, अधिकारी–कर्मचारी प्रकोष्ठ के उपाध्यक्ष मन्ने मण्डावी, सचिव पुरूषोत्तम मण्डावी, कोषाध्यक्ष लखन सोरी, संजय तारम सहित अन्य समाज प्रमुखगण उपस्थित थे। बैठक में समाज प्रमुखों के द्वारा सुप्रीम कोर्ट द्वारा आरक्षण के विषय को लेकर आदिवासी समाज के लिए वर्गीकरण के निर्णय का विरोध करते हुए इस निर्णय को वंचित समाज के हितों पर कुठाराघात बताया। समाज प्रमुखों ने सर्वसम्मति से इस निर्णय का पुरजोर विरोध करने की बात भी कही। इस अवसर पर सामाजिक पदाधिकारियों ने समाज के प्रमुख पदाधिकारी तुकाराम कोर्राम के सर्व आदिवासी समाज के जिला बालोद के अध्यक्ष निर्वाचित होने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए हर्ष व्यक्त

### कलेक्टर ने की सत्र 2023-24 की बोर्ड परीक्षाओं के परिणामों की समीक्षा

# 60 प्रतिशत से कम रिजल्ट वाले स्कूलों को गुणवत्ता बढ़ाने कार्ययोजना बनाने पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिला पंचायत सभाकक्ष में कलेक्टर की अध्यक्षता में आज शिक्षा विभाग की समीक्षा की गई। उन्होंने कहा कि सत्र 2023-24 के कक्षा 10वीं एवं 12वीं वार्षिक बोर्ड परीक्षा के परिणाम घोषित किये जा चुके हैं। बोर्ड परीक्षा में कुछ विद्यालयों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। किन्तु कुछ विद्यालयों का प्रदर्शन निराशाजनक रहा है। इसलिए परीक्षा परीणामों का विश्लेषण किया जाना आवश्यक था। उन्होंने सभी से आगामी सत्र में गुणवत्ता युक्त शिक्षा व स्तर सुधार के लिए ठोस कार्ययोजना तैयार कर कार्य करने पर जोर दिया। ताकि इस आगामी सत्र की कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं बोर्ड के परीक्षा की परिणामों में बच्चों का और बेहतर प्रदर्शन कर सकें। उन्होंने कहा कि सभी शिक्षक गुणवत्ता युक्त शिक्षा बच्चों को दें। उन्होंने कहा कि स्कूल शिक्षा विभाग से भी दिशा-निर्देश प्राप्त हुए है। उन्होंने कहा कि ज़िले के जिन विद्यालयों जहां अनुत्तीर्ण विद्यार्थियों की संख्या, प्रतिशत सर्वाधिक है, उन विद्यालयों पर फोकस करें। जिले के जिन विद्यालयों के परीक्षा परिणाम 30 प्रतिशत से अधिक एवं 60 प्रतिशत से कम हैं ऐसे प्राचार्यों, शिक्षकों से उनका कारण जाना और उसका निराकरण करने क्या कर रहे हैं, उसकी जानकारी ली । उन्होंने कहा कि आगामी सत्र में परीक्षा परिणाम में सुधार करें। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने जिले के शासकीय विद्यालयों के प्राचार्यों को कहा कि कक्षा 10वीं एवं 12वीं के परीक्षा परिणामों की समीक्षा हम कर रहे हैं। आप भी अपने स्तर से अपने विद्यालय की समीक्षा करें, ताकि आपको मालूम हो कि कहां कमी रही, उसे दूर करना सुनिश्चित करें। जिससे आपके विद्यालय और ज़िले का बेहतर परीक्षा परिणाम आए। आगामी शिक्षा सत्र के लिए अकादमिक गुणवत्तायुक्त अध्ययन-अध्यापन प्रारंभ करें।



**मोटिवेशनल वर्कशॉप का आयोजन करें :** कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि प्राचार्य / शिक्षकों के लिये समय-समय पर मोटिवेशनल वर्कशॉप का आयोजन करें। जिन बच्चों के रिजल्ट कम हैं, उनके लिये विशेष शिक्षक-पालक बैठक का आयोजन भी करें। उन्होंने प्राचार्यों को निर्देशित किया कि पालकों को उनके बच्चों की पढ़ाई के प्रति भी जागरूक किया जाए।

**नारी शक्ति से जल शक्ति पर हुई चर्चा :** स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जल संरक्षण के महत्व को रेखांकित करते हुए जल शक्ति अभियान के तहत नारी शक्ति से जल शक्ति कार्यक्रम पर चर्चा की गई। अभियान का उद्देश्य जल की एक-एक बूंद को सहेजना और भविष्य के लिए सुरक्षित रखना है। कलेक्टर ने बैठक में जल संरक्षण व संवर्धन से संबंधित कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने सभी स्कूल भवनों, आंगनबाड़ी केंद्रों और स्वास्थ्य विभाग के भवनों में अनिवार्य रूप से वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम स्थापित करने के निर्देश दिए।

इसके अलावा, कलेक्टर ने सभी स्कूलों में बच्चों को जल संरक्षण के महत्व और इससे संबंधित उपायों के बारे में जागरूक करने के लिए शिक्षकों को निर्देशित किया। जल संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से सभी उपस्थित लोगों को जल बचाने की शपथ भी दिलाई गई। इस अवसर पर कलेक्टर ने कहा कि जल संरक्षण एक सामूहिक जिम्मेदारी है और इसके लिए हर व्यक्ति को अपनी भूमिका निभानी होगी।

